दैनिक भास्कर 02/03/2024

विद्यार्थियों को कॅरियर विकल्पों के प्रति किया जागरूक

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज कैंट में प्लेसमेंट सेल, अंग्रेजी विभाग, मनोविज्ञान विभाग व आईआईएलएम यूनिवर्सिटी गुड़गांव, वेदास क्योर प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई लाइफटाइम प्रो, सारथी लाइफ साइंस और क्योर वेल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को नौकरी पाने के लिए प्रेरित और तैयार करने के लिए वर्कशॉप की गई। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तृप्ति बाजपेई ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्चतम जॉब प्लेसमेंट के लिए मोटिवेट करना व विभिन्न कॅरियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना है। मुख्य वक्ता डॉ. तृप्ति ने विद्यार्थियों को जॉब प्लेसमेंट के सिलसिले में विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी। मौके पर डॉ. चंद्रपाल पूनिया, श्याम रहेजा, उदिता, जस्मिता, सुषमा, गुरप्रीत, प्रियंका व नेहा शामिल रही।